NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA

(Ministry of AYUSH, Govt. of India)

ANNUAL REPORT
2018-2019
(DRAFT)

Jorawar Singh Gate, Amer Road, Jaipur 302002
Jorawar Singh Gate, Amer Road
JAIPUR 302002

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

प्रशासनिक-प्रतिवेदन

परिचय

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान आयुर्वेद के संवर्द्धन एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण तथा रोगी परिचर्या के उच्च मानकों को विकसित करने के लिए एक मॉडल संस्थान के रूप में निम्न लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के साथ आयुर्वेद की चिकित्सा प्रणाली के ज्ञान के वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने का आह्वान करने हेतु आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार के एक शीर्ष संस्थान के रूप में 7 फरवरी, 1976 को स्थापित किया गया है -

1. आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि की अभ्युन्नति एवं विकास को गति देना ।
2. आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की सभी विधाओं में स्नातक, स्नातकोत्तरों और आयुर्वेद विद्या वारिधी के अध्येता तैयार करना ।
3. आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधानात्मक कार्य करना ।
4. पीड़ित मानवता को आयुष चिकित्सा पद्धतियों से स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करना ।
5. आयुष चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान, मूल्यांकन, प्रशिक्षण, परामर्श एवं मार्गदर्शन के लिये उच्चतम स्तर की सेवायें एवं सुविधायें प्रदान करना तथा उन्हें प्रदान करने में सहायता करना ।
6. आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा की समस्त विधाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वारिधी शिक्षा में प्रयोग करना तथा शिक्षण-पद्धतियों को विकसित करना ।
7. आयुष शिक्षा, अनुसंधान एवं अन्य तत्सम्बन्धित कार्यो के संवर्द्धन हेतु देश के किसी भी प्रान्त में अन्य समकक्ष संस्थान खोलना एवं संचालित करना ।

1976 में इसकी स्थापना होने के पश्चात, शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध, रोगी परिचर्या आदि के क्षेत्रों में बेहतररूप से प्रगति की है जिसके परिणामस्वरूप इसमें अब, आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं स्नातक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, 14 विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षा एवं नियमित फैलोशिप प्रोग्राम (पीएच.डी.) की सुविधा है।

संस्थान ने उत्कृष्ठ शिक्षण, प्रशिक्षण तथा रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियों में ख्याति अर्जित की है तथा आयुर्वेद के क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, पोस्ट डॉक्टरल, डिप्लोमा तथा प्रमाण-पत्र स्तरीय पाठ्यक्रमों में अतुलनीय शैक्षणिक मानक स्थापित किये है ।

संस्थान द्वारा डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त करने हेतु डी-नोवो वर्ग में आवेदन कर दिया गया है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस प्रस्ताव पर सक्रियता से विचार किया जा रहा है । एनएएएसी (NAAC) एक्रिडिटेशन हेतु भी संस्थान ने आवेदन किया है । संस्थान का 280 शय्याओंयुक्त मुख्य चिकित्सालय को पहले ही 2016 में एनएबीएच (NABH) एक्रिडिटेशन प्रदान किया जा चुका है ।

संस्थान के मुख्य परिसर में बहुत सी बहुमंजिला इमारतें हैं जिनमें 14 शैक्षिक विभाग, उनसे जुड़ी प्रयोगशालायें, शिक्षकों के कक्ष, सेमिनार, प्रदर्शनालयों हेतु कक्ष, लेक्चर थियेटर्स, आधुनिक शिक्षण सहायक सामग्री युक्त कक्षा कक्ष जिनमें ए.सी., डीएलपी प्रोजेक्टर, दृश्य-श्रव्य यंत्र, पुस्तकालय आदि अवस्थित है तथा चिकित्सालय परिसर है जिसमें 300 शय्याओंयुक्त चिकित्सालय, बहिरंग रोगी विभाग, पंचकर्म इकाई, केन्द्रीय प्रयोगशाला, डीलक्स वार्ड्स कोटेज वार्ड्स, योग इकाई आदि अवस्थित है । यहां छात्र एवं छात्राओं हेतु पृथक से बहुमंजिला 5 छात्रावास है । औषधियों के निर्माण हेतु भारी भट्टियाँ एवं मशीनोंयुक्त रसायनशाला, आवश्यक स्टॉफ हेतु क्वार्टर, अतिथि घर, पानी का टेंक एवं जलाशय आदि अवस्थित है । यहां 500 सीटोंयुक्त अच्छी तरह सुसज्जित ऑडिटोरियम स्थित है ।

शासी निकाय

संस्थान का एक शासी निकाय है जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार करते हैं तथा जिसमें निम्नलिखित सदस्य है, जो कि संस्थान की गतिविधियों का प्रबन्ध एवं नियंत्रण करता है । वर्तमान शासी-निकाय का गठन निम्न प्रकार से है:-

1.	श्री श्रीपद येसो नाईक माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार	**अध्यक्ष**
2.	श्री रघु शर्मा माननीय चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुर्वेद मंत्री राजस्थान-सरकार	उपाध्यक्ष
3.	वैद्य श्री राजेश कोटेचा सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार	सदस्य
4.	डॉ. धर्मेन्द्र सिंह गंगवार अतिरिक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत-सरकार	सदस्य
5.	श्री प्रमोद कुमार पाठक संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार	सदस्य
6.	डॉ. मनोज नेसरी सलाहकार(आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार	सदस्य
7.	डॉ. गायत्री ए. राठौड़ सचिव(आयुर्वेद), राजस्थान-सरकार	सदस्य
8.	प्रो. अभिमन्यु कुमार कुलपति	सदस्य

डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

9. प्रो. के. उन्नीकृष्णन पिल्लई, प्रोफेसर, अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद — सदस्य
वेल्लीकवी, कोलाम जिला, केरल 690546 (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

10. प्रो. मंजरी द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, प्रसूति तंत्र विभाग, आयुवेद संकाय, आईएमएस — सदस्य
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-5 (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

11. प्रो. बनवारीलाल गौड़, पूर्व कुलपति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय — सदस्य
प्लॉट नं. 80, प्रेम नगर, सेनापति हाऊस के पीछे, झोटवाड़ा, जयपुर
(राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

12. डॉ. उमेश वसन्त तगड़े, अतिरिक्त निदेशक(तकनीकी) — सदस्य
अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली
महाराष्ट्र सरकार, (भारत-सरकार द्वारा नामांकित)

13. श्री केदार शर्मा, से.नि. जिला आयुर्वेद अधिकारी, आयुर्वेद विभाग — सदस्य
प्लॉट नं. 13, पुरोहित पाड़ा, ब्रह्मपुरी, जयपुर (राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

14. श्री कैलाश शर्मा, से.नि. उप-निदेशक, आयुर्वेद विभाग — सदस्य
प्लॉट नं. 43, विकास नगर, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर
(राजस्थान-सरकार द्वारा नामांकित)

15. प्रो. संजीव शर्मा, निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान — सदस्य-सचिव

स्थायी वित्त समिति

संस्थान के विभिन्न वित्तीय प्रस्तावों एवं विकासात्मक गतिविधियों आदि पर विचार एवं संस्तुति करने हेतु संस्थान की एक स्थायी वित्त समिति है जिसके अध्यक्ष अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार हैं तथा सदस्योंयुक्त है -

1. श्री प्रमोद कुमार पाठक — अध्यक्ष
अतिरिक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत-सरकार

2. डॉ. धर्मेन्द्र सिंह गंगवार — सदस्य
अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

3. डॉ. गायत्री ए. राठौड़ — सदस्य
सचिव(आयुर्वेद), राजस्थान-सरकार

4. श्रीमती विजयलक्ष्मी भारद्वाज — सदस्य
उप-सचिव
आयुष मंत्रालय

5. प्रो. के. उन्नीकृष्ण पिल्लई — सदस्य

प्रोफेसर, अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद
वेल्लीकवी, कोलाम, केरल 690546
(शासी निकाय के सदस्य)

6. डॉ. उमेश वसन्त तगड़े, अतिरिक्त निदेशक(तकनीकी) सदस्य
अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली
महाराष्ट्र सरकार (शासी निकाय के सदस्य)

7. प्रो. संजीव शर्मा सदस्य-सचिव
निदेशक
राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर

संस्थानिक नीतिशास्त्र समिति

संस्थान में विभिन्न शोध प्रस्तावों के नियमन, विनियमन एवं समीक्षा करने हेतु एक इथिकल कमेटी है। इसका गठन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्युमन सब्जेकट्स के लिए नीतिपरक मार्गदर्शनों के आधार पर किया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान समिति का गठन निम्न प्रकार से रहा है:-

1.	प्रो. बनवारी लाल गौड़ पूर्व कुलपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर	शिक्षक	अध्यक्ष
2.	प्रो. कमलेश कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष, स्वस्थवृत्त विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
3.	प्रो. रामकिशोर जोशी प्राफेसर, कायचिकित्सा विभाग एवं उपाधीक्षक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
4.	प्रो. (श्रीमती) सुशीला शर्मा प्रसूति तंत्र विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
5.	प्रो. पवन कुमार गोदतवार विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
7.	प्रो. अरुण चौगले विभागाध्यक्ष, रेडियो निदान विभाग एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय जयपुर	बेसिक मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य

8.	प्रो. श्रीमती मोनिका जैन विभागध्यक्ष, औषध विज्ञान विभाग एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय जयपुर	बेसिक मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य
9.	डॉ. कमल कान्त दाधीच प्रोफेसर, संस्कृत विभाग कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर	कॉमन-मैन रिप्रजेन्टेटिव	सदस्य
10.	श्री अनिल शुक्ला संगठन मंत्री सेवा भारती, जयपुर	नॉन-गवर्नमेन्टल वॉल्युन्टरी एजेन्सी रिप्रजेन्टेटिव	सदस्य
11.	श्री ओम प्रकाश रंगजीका अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय	लीगल प्रोफेशन	सदस्य
12.	डॉ. सुमित नाथानी असिस्टेन्ट प्रोफेसर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान	मेडिकल सांइटिस्ट	सदस्य-सचिव

वैज्ञानिक सलाहकार समिति -

संस्थान में विभिन्न शोध परियोजनाओं के नियमन, नियंत्रण एवं समीक्षा हेतु एक वैज्ञानिक सलाहकार समिति है । समिति की संस्थान को अनुसंधान गतिविधियों का वैज्ञानिक ढंग से मूल्यांकन, मार्गदर्शन एवं सलाह प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका है । समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया है -

1.	प्रो. एम. एस. बघेल आईपीजीटीआरए के पूर्व निदेशक जामनगर		अध्यक्ष
2.	प्रो. भूषण पटवर्धन उपाध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	फार्मेकोलोजिस्ट	अध्यक्ष
3.	प्रो. महेन्द्र चन्द्र शर्मा पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर	आयुर्वेद विशेषज्ञ	अध्यक्ष
4.	प्रो. राम मनोहर निदेशक(अनुसंधान) अमृता स्कूल ऑफ आयुर्वेद, कोल्लाम	आयुर्वेद विशेषज्ञ	सदस्य

5.	प्रो. बी. रवि शंकर एसडीएम सेन्टर फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड अलाईड साइन्सेज, उडूपी (कर्नाटक)	फार्मेकोलोजिस्ट	सदस्य
6.	डॉ. डी. आर. नाग विद्वान एवं वरिष्ठ वनस्पतिशास्त्री बैजनाथ, हिमाचल प्रदेश	बोटनिस्ट	सदस्य
7.	डॉ. राजेश शर्मा चिकित्सक एवं योग अध्यापक रतलाम (म.प्र.)	मॉडर्न क्लिनीशियन	सदस्य
8.	डॉ. उमा शंकर अग्रवाल प्रोफेसर एवं पूर्व प्राचार्य राजकीय स.मा.सि. चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल जयपुर ।	मॉडर्न क्लिनीशियन	सदस्य
9.	प्रो. आर. एम. पाण्डेय विभागाध्यक्ष, बायो-स्टेटिस्टेटिक्स अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली	बायोस्टेटिस्टिशियन	सदस्य
10.	डॉ. कमलेश कुमार अग्रवाल 122/226, श्री आयुर्वेद भवन मानसरोवर, जयपुर	आयुर्वेद विशेषज्ञ	सदस्य
11.	प्रो. संजीव शर्मा निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान		सदस्य-सचिव

वित्तीय स्थिति

आयुष मंत्रालय द्वारा संस्थान को व्यय हेतु सभी आवश्यक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है । संस्थान को वर्ष 2018-2019 हेतु निम्नानुसार बजट प्रावधान उपलब्ध कराये गये है -

(रू. लाखों में)

मद	बजट अनुमान 2018-19	संशोधित अनुमान 2018-19	वास्तविक प्राप्त अनुदान 2018-19	वास्तविक व्यय 31-3-2019 तक
अनुदान सहायता-वेतन	रू. 5000.00	रू. 4800.00	रू. 5000.00	रू. 5000.00
अनुदान सहायता-जनरल	रू. 1895.00	रू. 2095.00	रू. 2095.00	रू. *1995.00
अनुदान सहायता-एससीपी	रू. 0100.00	रू. 0100.00	रू. 0100.00	रू. 0100.00
अनुदान सहायता-पूंजीगत सम्पत्तियों का सृजन	रू. 2000.00	रू. 2000.00	रू. 2000.00	रू. 2000.00
स्वच्छता एक्शन प्लान	-	-	-	-
योग :	रू. 8995.00	रू. 8995.00	रू. 9195.00	रू. 10,392.00

*अनुदान सहायत-वेतन मद में वास्तविक खर्च रू. 3292 लाख है । अनुदान सहायता-जनरल मद में स्वीकृत बजट के अतिरिक्त खर्च रू. 400 लाख अनुदान सहायता-वेतन मद से, रू. 456 लाख अनुदान सहायता-पूंजीगत मद से तथा रू. 441 लाख संस्थान के राजस्व से किया गया है ।

सम्बद्धता

संस्थान शैक्षणिक एवं परीक्षाओं से सम्बन्धित उद्देश्यों के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध है तथा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दिशा-निर्देश जो कि विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकार किये गये हैं का अनुसरण करता है।

शैक्षणिक गतिविधियाँ

बीएएमएस (आयुर्वेदाचार्य) का स्नातक पाठ्यक्रम - 125 स्थान

बीएएमएस का स्नातक पाठ्यक्रम 5½ वर्ष मय 1 वर्ष की इन्टर्नशिप की अवधि का है । बीएएमएस उत्तीर्ण करने के पश्चात्, छात्रों को विभिन्न विषयों में 1 वर्ष के लिए सीसीआईएम द्वारा निर्धारित रोटेटिंग इन्टर्नशिप पर रखा जाता है ।

सीटों का आरक्षण - प्रत्येक वर्ष हेतु अब 125 सीटें उपलब्ध है । 2 सीटें भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् द्वारा प्रायोजित विदेशी नागरिकों के नामांकन हेतु, 10 सीटें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नागरिकों हेतु आरक्षित है तथा अजा/अजजा/अपिव/दिव्यंगों हेतु भारत-सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सीटे उपलब्ध है ।

प्रवेश की प्रक्रिया - बीएएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा की वरीयता के आधार पर किये गये ।

प्रवेश - वर्ष 2018-2019 के दौरान बीएएमएस पाठ्यक्रम में 97 छात्रों को प्रवेश दिया गया । दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के अभ्यर्थी की अनुपलब्धता के कारण 3 स्थान रिक्त रहे । नेपाल के 3 छात्र, श्रीलंका के 2 छात्र, ईरान के 1 छात्र एवं सूरीनाम के 1 को प्रवेश दिया गया ।

सामान्य		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		आयुष मंत्रालय के माध्यम से दक्षिणी-पूर्वी देशों के छात्र		आईसीसीआर के माध्यम से विदेशी राष्ट्रो के छात्र		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
23	15	8	3	4	2	16	5	3	1	2	1	-	1	56	28

उत्तीर्ण छात्र – आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थिति तथा उत्तीर्ण हुये छात्रों की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार से है –

कक्षा	प्रविष्ट	उत्तीर्ण	प्रतिशत
आयुर्वेदाचार्य-अंतिम बैच 2013, 2012 एवं 2011	55	51	92.72

शुल्क – बीएएमएस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में शुल्क रूपये 42,025/–, द्वितीय वर्ष के लिए रूपये 28,650/–, तृतीय वर्ष के लिए रूपये 27,650/– तथा अन्तिम वर्ष के लिए शुल्क रूपये 38,500/– है । छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में प्रतिवर्ष रूपये 7,500 की राशि तीन वर्ष के लिए अतिरिक्त रूप से तथा अन्तिम वर्ष में रूपये 11,250/– लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड – एक वर्ष की इन्टर्नशिप के दौरान छात्रों को रूपये 12,684 प्रतिमाह निर्वाह भत्ता का भुगतान किया जाता है।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम – आयुर्वेद वाचस्पति(एम.डी.(आयु.)/आयुर्वेद धन्वन्तरि(एम.एस.(आयु.)–104 स्थान

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 3 वर्ष की अवधि का है। संस्थान में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए निम्नलिखित सभी 14 विषय उपलब्ध है –

1. अगद तंत्र
2. द्रव्यगुण
3. कौमारभृत्य
4. कायचिकित्सा
5. मौलिक सिद्धान्त
6. पंचकर्म
7. प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग
8. रोग एवं विकृति विज्ञान
9. रस शास्त्र
10. शरीर रचना
11. शरीर क्रिया
12. शल्य तंत्र
13. शालाक्य तंत्र
14. स्वस्थवृत्त

प्रवेश की प्रक्रिया – अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा की वरियता के आधार पर किये जाते है । आलोच्य वर्ष के दौरान, 104 प्रवेश किये गये ।

सीटों का आरक्षण – प्रत्येक विषय में 1 सीट आयुष मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित केन्द्र सरकार नामांकित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है । आईसीसीआर द्वारा प्रायोजित बिम्सटेक (BIMSTEC) देशों यथा बांग्लादेश, भूटान, म्यंमार, नेपाल, श्रीलंका एवं थाईलैण्ड हेतु 3 सीटें, आयुष मंत्रालय के माध्यम से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों हेतु 3 सीटें, मलेशिया हेतु 1 सीट तथा अजा/अजजा/अपिव/दिव्यंगों हेतु भारत-सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सीटे उपलब्ध है ।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, 104 सीटों पर प्रवेश किया गया । वर्ग-वार प्रवेशित अध्येता निम्न प्रकार से है:-

सामान्य		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		आईसीसीआर द्वारा बिम्सटेक		आयुष मंत्रालय के माध्यम से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश		सेवारत		आयुष मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न राज्यों एवं प्राईवेट केन्द्रीय सरकार नामिति		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
11	22	01	08	-	05	03	14	03	-	02	01	01	02	13	04	06	08	40	64

वर्ष 2018-19 के दौरान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 312 अध्येता अध्ययनरत रहे । आलोच्य वर्ष के दौरान, एमडी/एमएस के 105 अध्येताओं ने अपने शोध महानिबंध प्रस्तुत किये ।

उत्तीर्ण – आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थिति तथा उतीर्ण हुये अध्येताओं की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार से है –

कक्षा	प्रविष्ट	उत्तीर्ण	प्रतिशत
एम.डी.(आयुर्वेद) भाग-II बैच 2015-16	80	80	100%

शुल्क – स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शुल्क प्रथम वर्ष के लिए रूपये 81,750/-, द्वितीय वर्ष के लिए रूपये 54,500/- तथा तृतीय वर्ष के लिए रूपये 54,500/- है। रूपये 22,500 की राशि अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड – एमडी/एमएस अध्येताओं को प्रथम वर्ष में रू. 42,560, द्वितीय वर्ष में रू. 45,600 एवं अन्तिम वर्ष में रू. 48,640 मासिक निवार्ह भत्ता (स्टाईपेंड) उपलब्ध कराया जाता है । स्टाईपेंड के साथ मंहगाई भत्ता केन्द्र-सरकार की दरों पर देय है ।

फैलोशिप प्रोग्राम (पीएच.डी., आयुर्वेद) – आयुर्वेद विद्यावारिधी – 28 स्थान

सभी स्नातकोत्तर 14 विषयों में नियमित फैलोशिप प्रोग्राम उपलब्ध है । फैलोशिप 2 वर्ष के लिए प्रदान की जाती है जिसमें एक वर्ष के लिए अभिवृद्धि की जा सकती है जो कि शोध में आवश्यक प्रगति के अध्यधीन होती है । फैलोशिप प्रोग्राम के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा पीएच.डी.(आयुर्वेद) की उपाधि प्रदान करता है ।

प्रवेश की प्रक्रिया – प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित कर साक्षात्कार कर दिये जाते हैं ।

सीटों का आरक्षण – 1 स्थान BIMSTEC (बांग्लादेश, भूटान, म्यंमार, नेपाल, श्रीलंका एवं थाईलैण्ड देशों के अभ्यर्थियों हेतु) हेतु उपलब्ध है इस पर प्रवेश भारतीय सांस्कृतिक संबन्ध परिषद् द्वारा प्रायोजित किये जाते हैं। 1 स्थान दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध है इस पर प्रवेश आयुष मंत्रालय के माध्यम से दिये जाते हैं । भारतीय नागरिकों हेतु भारत-सरकार के आदेशानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग हेतु आरक्षण उपलब्ध है।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश नहीं दिये गये हैं । 8 अध्येताओं ने अपना शोधमहानिबन्ध परीक्षा प्रस्तुत किये एवं इनकी मौखिक परीक्षा (Viva-voce) आयोजित की गई ।

शुल्क – फैलोशिप हेतु प्रथम वर्ष में रू. 1,00,750 तथा द्वितीय वर्ष में रू. 62,500 शुल्क निर्धारित है। रूपये 27,500 की राशि अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते हैं ।

स्टाईपेंड – फैलोशिप प्रोग्राम के दौरान प्रथम वर्ष में रू. 50,315 एवं द्वितीय वर्ष में रू. 51,990 मासिक निर्वाह भत्ता देय है । निर्वाह भत्ता के साथ मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार की दरों पर देय है ।

आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम – 30 स्थान

प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित किये जाते है । प्रवेश 12वीं कक्षा के प्राप्तांकों की वरीयता के आधार पर किये जाते हैं । आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अवधि मय 6 माह के इंटर्नशिप के 3 वर्ष की है।

प्रवेश – आलोच्य वर्ष के दौरान, आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 30 प्रवेश किये गये । वर्ग-वार प्रवेश निम्न प्रकार से है-

सामान्य/ओपन		एससी		एसटी		ओबीसी		पीएच		कुल प्रवेश	
छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं	छात्र	छात्राऐं
08	08	02	02	-	02	07	01	-	-	17	13

आलोच्य वर्ष के दौरान, डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 79 छात्र अध्ययनरत रहे । 20 छात्रों द्वारा सफलतापूर्वक विशिखानु प्रशिक्षण प्राप्त किया गया ।

उत्तीर्ण-आलोच्य वर्ष के दौरान परीक्षाओं में उपस्थित तथा उत्तीर्ण हुये अध्येताओं की कक्षावार स्थिति निम्न प्रकार है –

कक्षा	प्रविष्ठ	उत्तीर्ण
आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी में डिप्लोमा द्वितीय वर्ष मुख्य (2015)	26	20

शुल्क – डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु प्रथम वर्ष में रू. 21,400 तथा द्वितीय वर्ष में रू. 19,400 शुल्क निर्धारित है। रूपये 4,500 की राशि प्रथम वर्ष हेतु एवं रूपये 6,750 की राशि अन्तिम वर्ष हेतु अतिरिक्त रूप से प्रति वर्ष छात्रावास मद में स्थान उपलब्ध होने की स्थिति में लिये जाते है।

स्टाईपेंड – छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान रू. 1,500 प्रति माह निर्वाह भत्ता देय है ।

लघु-अवधि पाठ्यक्रम

संस्थान द्वारा 1 माह से 2 माह की अवधि के निम्नलिखित लघु अवधि पाठ्यक्र चलाये जाते है –

- 1 वर्षीय पंचकर्म तकनीशियन पाठ्यक्रम ।
- स्त्रीरोग स्थानिक चिकित्सा में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- क्षार सूत्र में प्रशिक्षण हेतु प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- आयुर्वेद के माध्यम से सौंदर्य की देखभाल के लिए प्रशिक्षण विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- आयुर्वेद के माध्यम से सौंदर्य की देखभाल के लिए उन्नत प्रशिक्षण विषयक पाठ्यक्रम ।
- आयुर्वेदिक औषध पादप सामग्री के मानकीकरण विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- रसोई मसालों और स्थानीय औषध पादपों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभल पर प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- पाक कला के आयुर्वेदिक पद्धतियों के लिए प्रशिक्षण विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।
- आयुर्वेद में पोषण एवं खान-पान के लिए प्रशिक्षण विषयक प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम ।

क्रीड़ा एवं खेल

संस्थान द्वारा क्रीड़ा एवं खेल को बढ़ावा देने हेतु एवं छात्रों एवं अध्येताओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव हेतु 21-1-2019 से 31-1-2019 तक वार्षिक क्रीड़ा एवं खेल गतिविधियाँ 'तरंग-2019' संस्थान द्वारा आयोजित की गई । विभिन्न खेलकूल गतिविधियाँ यथा – क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा भाग लिया गया । छात्रों, अध्यापकों तथा संस्थान के स्टॉफ ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद लिया । विजेता दलों एवं व्यक्तियों को पुरूस्कार वितरित किये गये ।

रोगी परिचर्या गतिविधियाँ

कैम्पस होस्पिटल

280 शय्याओं युक्त मुख्य चिकित्सालय एनएनबीएच एक्रिडिटेड चिकित्सालय है । संस्थान के 4 चिकित्सालय है यथा – 280 शय्याओं युक्त एनआईए कैम्पस हॉस्पिटल तथा 20 शय्याओं युक्त एनआईए सिटी हॉस्पिटल जो कि मुख्य प्रांगण से 4 किलोमीटर दूर शहर की हृदय स्थली में स्थित है, एक सेटेलाईट क्लिनिक जवाहर नगर में है जो कि जयपुर शहर का विख्यात रिहायशी एवं वाणिज्यिक क्षेत्र है तथाएक चिकित्सालय, जमवारामगढ़, जयपुर जिला में स्थित है जो कि बहिरंग रोगी विभाग की सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

चिकित्सालय रोगी परिचर्या गतिविधियों के क्षेत्र में बहिरंग रोगी विभाग, अन्तरंग रोगी विभाग, पंचकर्म प्रक्रियाओं, प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई, केन्द्रीय प्रयोगशाला, अनेकों विशिष्ट चिकित्सा इकाईयों तथा सेवाओं यथा पैथोलॉजिकल टेस्ट, बॉयो-केमिकल टेस्ट, एक्स-रे, ई.सी.जी., सी.टी.एम.टी., अल्ट्रॉसाउण्ड, स्पॉयरोमीटरी, डेन्टल, ऑडियोमीटर, जरावस्था इकाई, आहार इकाई, हड्डी रोग इकाई, बाल मानसिक स्वास्थ्य इकाई, शिशु रोग एवं त्वक रोग इकाई, गुदरोग चिकित्सा, जलौकावचरण, अग्निकर्म, गर्भ जांच, टीकाकरण इकाई आदि के माध्यम से संस्थान विशिष्ट गतिविधियाँ सम्पन्न करा रहे है । नेत्र सम्बन्धित विभिन्न रोगों एवं विकृतियों तथा कान, नाक व गला सम्बन्धित रोगों के लिए विशेष चिकित्सा सेवायें उपलब्ध है । किसी

भी आत्ययिक स्थिति में रोगियों को संभालने हेतु एक एम्बुलेन्स है । संस्थान की प्रयोगशाला पब्लिक-प्राईवेट साझेदारी के आधार पर रोगियों को विभिन्न नैदानिक परीक्षण उपलब्ध करा रही है ।

चिकित्सालयों के लिए अधिकांश औषधियाँ संस्थान की रसायनशाला में निर्मित कर पूर्ति की जाती है तथा रोगियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है । रोगी राजस्थान से ही नहीं वरन आस-पास के राज्यों से भी विभिन्न रोगों की विशिष्ट चिकित्सा हेतु आते हैं । चिकित्सालयों में वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, बीपीएल कार्ड होल्डर्स, स्टॉफ एवं छात्रों हेतु नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन किया जाता है । कम्प्यूटर पर ओपीडी रेकॉर्ड आदि का प्रलेखीकरण कम्प्यूटरीकृत किया जाता है ।

अन्तरंग रोगी विभाग में पंजीयन शुल्क 30/- रूपये है । आलोच्य वर्ष के दौरान, संस्थान को आईपीडी रजिस्ट्रेशन से रू. 1,19,340 तथा कोटेज, क्यूबिकल तथा डिलक्स वार्ड सुविधाओं से रू. 16,70,090/- प्राप्त हुये । ओपीडी रजिस्ट्रेशन शुल्क रू. 10/- है । आलोच्य वर्ष के दौरान, संस्थान को ओपीडी रजिस्ट्रेशन से रू. 12,12,600/- की राशि एवं रू. 18,47,778/- की राशि यूज़र चार्जेज यथा पंचकर्म प्रक्रियाऐं, क्रिया कल्प, प्रयोगशाला जांच आदि से प्राप्त हुई ।

बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) -

चिकित्सालयों में बहिरंग विभाग है जिसमें 14 विभाग मय विभिन्न इकाईयों एवं विशिष्ट क्लिनिक्स अपनी सेवायें देते हैं । वर्ष के दौरान, बहिरंग विभाग में नवीन एवं पुरातन कुल 2,94,453 रोगी थे जिनमें से 1,94,458 नवीन पंजीकृत किये गये । बहिरंग विभाग में चिकित्सा प्राप्त करने वाले रोगी विभागानुसार निम्न प्रकार से है -

क्र. सं.	विभाग	नवीन				पुरातन				महायोग
		पुरुष	महिला	बालक	योग	पुरुष	महिला	बालक	योग	
1.	काय चिकित्सा	21367	13322	543	35232	8375	6694	197	15266	50498
2.	पंचकर्म	11389	10593	395	22377	8627	9200	279	18106	40483
3.	शल्य तंत्र	14296	7605	385	22286	9429	4098	171	13698	35984
4.	शालाक्य तंत्र	8740	8507	1846	19093	3769	3535	715	8019	27112
5.	प्रसूति एवं स्त्री रोग	347	10715	218	11280	238	8495	92	8825	20105
6.	बाल रोग	615	428	6939	7982	159	92	3779	4030	12012
7.	स्वस्थवृत्त	3999	3203	199	7401	5424	6158	182	11764	19165
8.	मौलिक सिद्धान्त	3586	2474	107	6167	2021	1242	38	3301	9468
9.	शरीर क्रिया	4694	2974	142	7810	1629	1326	32	2987	10797
10.	शरीर रचना	1705	990	48	2743	914	587	19	1520	4263
11.	रोग एवं विकृति विज्ञान	9118	6355	762	16235	4528	3224	292	8044	24279
12.	रसशास्त्र	740	418	15	1173	484	400	5	889	2062
13.	द्रव्यगुण	1208	1015	71	2294	672	536	35	1243	3537
14.	अगद तंत्र	1001	713	28	1742	493	532	8	1033	2775
15.	प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई	623	331	9	963	0	0	0	0	963
16.	प्रतीक्षारत	12991	12125	2622	227738	0	0	0	0	27738
17.	होम्योपैथी	866	845	231	1942	526	608	136	1370	3212
	योग	**97285**	**82613**	**14560**	**194458**	**47288**	**46727**	**5980**	**99995**	**294453**

अन्तरंग रोगी विभाग (आईपीडी)

शय्याओं की कुल संख्या 300 रही है जिनमें से 280 शय्यायें एनआईए कैम्पस हॉस्पीटल के अन्तरंग विभाग में है तथा 20 शय्यायें एनआईए सिटी हॉस्पिटल में अवस्थित है । शय्याओं का आवंटन सभी विभागें में निम्न प्रकार किया गया है :-

क्र. सं.	विभाग	शय्याओं का आवंटन			
		पुरुष	महिला	बलक	योग
1.	कायचिकित्सा	36	20	0	56
2.	पंचकर्म	38	10	0	48
3.	शल्य	38	10	0	48
4.	शालाक्य	26	8	0	34
5.	प्रसूति	0	48	0	48
6.	बालरोग	0	0	38	38
7.	स्वस्थवृत्त	2	1	0	3
8.	मौलिक सिद्धान्त	6	1	0	7
9.	रसशास्त्र	1	1	0	2
10.	द्रव्यगुण	1	1	0	2
11.	रोग विज्ञान	3	1	0	4
12.	अगद तंत्र	1	1	0	2
13.	शरीर रचना	2	1	0	3
14.	शरीर क्रिया	4	1	0	5
	योग	**158**	**104**	**38**	**300**

आलोच्य वर्ष के दौरान, अन्तरंग रोगी विभाग में 69,782 रोगियों की चिकित्सा की गई जिनमें से 4,912 रोगी नवीन थे । अन्तरंग रोगी विभाग के स्तर पर चिकित्सा किये गये रोगियों की स्थिति निम्न प्रकार है:-

क्र. सं.	विभाग	नवीन				पुरातन				महायोग
		पुरुष	महिला	बालक	योग	पुरुष	महिला	बालक	योग	
1.	कायचिकित्सा	326	229	2	557	8295	4310	26	12631	13188
2.	पंचकर्म	916	662	16	1594	17894	13106	480	31480	33074
3.	शल्य	935	222	20	1177	7673	1695	85	9453	10630
4.	शालाक्य	46	28	4	78	768	201	41	1010	1088
5.	प्रसूति	0	893	2	895	0	2322	0	2322	3217
6.	बालरोग	2	1	303	306	47	2	3010	3059	3365
7.	स्वस्थवृत्त	0	2	0	2	10	21	0	31	33
8.	मौलिक सिद्धान्त	69	43	4	116	1498	1008	43	2549	2665
9.	रसशास्त्र	9	6	0	15	117	77	0	194	209
10.	द्रव्यगुण	1	1	0	2	7	17	0	24	26
11.	रोग विज्ञान	36	13	0	49	365	124	0	489	538
12.	अगद तंत्र	63	9	0	72	622	93	0	715	787
13.	शरीर रचना	19	24	0	43	282	496	0	778	821

14.	शरीर क्रिया	5	1	0	6	122	13	0	135	141
	योग	2427	2134	351	4912	37700	23485	3685	64870	**69782**

कॉटेज, क्युबिकल तथा डीलक्स वार्ड्स

चिकित्सालय में 2 वातानुकूलित डीलक्स वार्ड, 4 वातानुकूलित क्युबिकल वार्ड तथा 5 कॉटेज वार्ड रू. 800/-, रू. 550/- तथा रू. 300/- के दैनिक प्रभार पर क्रमशः उपलब्ध है । हर समय यहाँ इन वार्ड्स की अच्छी मांग बनी रहती है ।

लेबर रूम एवं गायनेकोलोजिकल ऑपरेशन थियेटर

संस्थान चिकित्सालय में स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र प्रक्रियाओं हेतु ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम स्थित है । इस ऑपरेशन थियेटर में लघु एवं वृहत शल्यकर्मो हेतु नवीनतम विभिन्न यत्रों एवं उपकरण उपलब्ध है । । आलोच्य वर्ष के दौरान, 9,168 आयुर्वेदिक प्रक्रियाऐं यथा पिचु, पोटली, उत्तरबस्ति, मर्म बस्ति आदि सम्पन्न की गई तथा ऑपरेशन थियेटर में सम्पन्न की गई शल्य प्रक्रियाओं की संख्या निम्न प्रकार से है :-

क्रम संख्या	प्रक्रियाऐं	संख्या
1.	सामान्य प्रसव	88
2.	एलएससीएस	41
3.	हिस्ट्रेकटॉमी	36
4.	कॉपर-टी इनसर्शन/रिमूवल	9
5.	अन्य	39

शल्य ऑपरेशन थियेटर

रोगियों के विभिन्न शल्यकर्म करने हेतु नवीनतम विभिन्न यत्रों एवं उपकरण से सुसज्जित पृथक से शल्यकर्मागार है । आलोच्य वर्ष के दौरान, शल्यकर्मागार में सम्पन्न किये गये शल्यकर्मो की संख्या निम्न प्रकार से है :-

क्रम संख्या	ऑपरेटिव प्रोसिजर्स	संख्या
1.	Choleycystectomy	11
2.	Inguinal Hernioplasty	49
3.	Paraumblical Hernioplasty	4
4.	Scrotoplasty	0
5.	Appendectomy	2
6.	Hydrocele (Eversion of Sac)	12
7.	Haemorrhoidectomy	51
8.	Plication of Internal Haemorrhoids	30
9.	Infra Red Coagulation of Internal Haemorrhoids	0
10.	Sclerotherapy of Internal Haemorrhoids	1
11.	Kshara Karma	33
12.	Anal Fistula (Kshara Sutra Therapy)	411
13.	Fissure in ano (Sphincterotomy - Agnikarma)	102
14.	Excision of Pilonidal Sinus	26
15.	Rectal Polypectomy	8
16.	Incision & Drainage of Perianal Abscess	68

17.	Incision & Drainage of Breast Abscess	0
18.	Breast Fibroadenoma (Lumpectomy)	6
19.	Circumcision	6
20.	Excision of Cyst	49
21.	Excision of Warts	16
22.	Excision of Lipoma	10
23.	Nail Bed Excision	0
24.	Colle's Fracture (Reduction)	13
25.	Labuloplasty	13
	योग	**921**

क्रम संख्या	पैरा-सर्जिकल प्रोसिजर्स	संख्या
1.	क्षारकर्म	33
2.	क्षारसूत्र	411
3.	अग्निकर्म	75
4.	जलौकावचरण	86
5.	बंधनकर्म - ड्रेसिंग	235
	योग	**840**

रोगियों को आहार (पथ्य)

चिकित्सकों के परामर्शानुसार रोगियों को पौष्टिक आहार, फल, दुग्ध आदि नि:शुल्क प्रदान किये गये । आहार का विवरण निम्न प्रकार से है -

पथ्य क्रमांक	पथ्य का विवरण	दुग्ध	फल
नं. 1	रोटी, दाल (मूंग) सब्जियाँ	250 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 2	दलिया, दाल(मूंग)	500 मि.ली. (दो बार)	200 ग्राम
नं. 3	चावल-खिचड़ी, दाल(मूंग)	500 मि.ली. (दो बार)	200 ग्राम
नं. 4	दलिया, चपाती	250 मि.ली.	200 ग्राम
नं. 5	पर्पटी कल्प	1-10 लीटर चिकित्सक के निर्देशानुसार	-
नं. 6	दूग्ध एवं फल	500 मि.ली. (दो बार)	500 ग्राम
नं. 7	-	चिकित्सक के निर्देशानुसार	-
नं. 8	-	500 मि.ली. (दो बार)	-
नं. 9	दलिया, दाल(मूंग)	500 मि.ली. (दो बार)	200 ग्राम
नं. 10	चपाती, दाल(मूंग), सब्जियाँ	500 मि.ली.	200 ग्राम

सिटी होस्पिटल

20 शय्याओं युक्त यह चिकित्सालय मुख्य परिसर से 4 कि.मी. दूर शहर की हृदय स्थली में स्थित है । चिकित्सालय में पृथक् से बहिरंग विभाग अवस्थित है जहां विभिन्न विभाग - कायचिकित्सा, पंचकर्म, शल्य तंत्र, शालाक्य तंत्र, रोग एवं विकृति विज्ञान, शरीर रचना, शरीर क्रिया, रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, मौलिक सिद्धान्त, द्रव्य गुण, स्वस्थ वृत्त, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा बालरोग विभाग - रोगियों को अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं। रोगियों को चिकित्सा सुविधायें तथा औषधियाँ तथा स्वास्थ्यवर्धक पथ्य जहाँ तक संभव हो नि:शुल्क उपलब्ध है। इस चिकित्सालय में सेन्ट्रल लैबोरेटरी के विस्तार केन्द्र के रूप में एक पैथालोजिकल लैबोरेटरी-कम-सैम्पल कलेक्शन सेन्टर जिसमें रोगियों के पैथालोजिकल टेस्ट (एक्स-रे, रक्त जाँच, मूत्र जाँच आदि) किये जाने की सुविधा उपलब्ध है । अधिक जाँचों हेतु रोगियों को सैन्ट्रल लैबोरेटरी में रेफर किया जाता है । वर्ष के दौरान, बहिरंग विभाग में नवीन एवं पुरातन कुल 23,420 रोगी थे जिनमें से 18,530 नवीन पंजीकृत किये गये तथा अन्तरंग विभाग में कुल रोगी 1,471 भर्ती किये गये जिनमें से 26 नवीन रोगी पंजीकृत किये गये ।

सेटेलाईट चिकित्सालय

संस्थान का सेटेलाइट चिकित्सालय, जयपुर के महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्र जवाहर नगर में स्थित है जो कि रोगी परिचर्यात्मक गतिविधियाँ प्रदान कर रहा है । सेटेलाइट चिकित्सालय में नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियाँ प्रदान की जाती है । चिकित्सालय का प्रबन्ध विभिन्न विभागों द्वारा किया जाता है । वर्ष के दौरान, बहिरंग विभाग में नवीन एवं पुरातन कुल 9,040 रोगी थे जिनमें से 4,514 नवीन पंजीकृत किये गये ।

एसी-एसएसपी योजनान्तर्गत चिकित्सालय

संस्थान द्वारा जयपुर जिला में स्थित ग्राम जमवारामगढ़ में बहिरंग रोगी सुविधाओं युक्त एक चिकित्सालय प्रारंम्भ किया गया है । आलोच्य वर्ष के दौरान, पूर्व में प्रारंम्भ किये गये ट्राईबल चिकित्सालय के बहिरंग विभाग में नवीन एवं पुरातन कुल 8,150 रोगी थे जिनमें से 5,522 नवीन पंजीकृत किये गये ।

प्राथमिक आत्ययिक चिकित्सा इकाई

चिकित्सालय में आन्तरिक आत्ययिक चिकित्सा आवश्यकता की पूर्ति हेतु 24 घण्टे एक आत्ययिक चिकित्सा इकाई चलाई जा रही है । आलोच्य वर्ष के दौरान, 993 रोगियों की चिकित्सा की गई । इस इकाई में जीवन-रक्षक औषधियों के साथ आयुर्वेदिक औषधियाँ तथा ऑक्सीजन तथा अन्य उपकरण चालू हालत में रखे जाते हैं । इसका 24 घण्टे प्रबन्ध विभिन्न विभागों के अध्यापकों द्वारा किया जाता है जिसमें स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी. अध्येताओं द्वारा सहायता की जाती है । आलोच्य वर्ष के दौरान, COAD (क्रोनिक ऑब्सट्रेक्टिव एयरवे डिज़िज), मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गैस्ट्रो एन्टेराइटिस, अतिसार, निर्जलीकरण, हेमोरिह्जे, ट्रॉमा, रिटेंशन यूरिन आदि से पीड़ित रोगियों के रोगों का प्रबन्ध एवं चिकित्सा की गई ।

ई-होस्पिटल सेवाऐं

संस्थान द्वारा ई-होस्पिटल सेवाऐं प्रारम्भ की गई । जन सामान्य को चिकित्सालय सेवाओं के जरिये परामर्श से लाभान्वित करने के लिए संस्थान ई-होस्पिटल सेवाओं के तहत पंजिकृत हो गया है । ओपीडी सुविधाऐं पहले से ही कमप्युटराइज्ड हो चुकी हैं तथा इन्हें आईपीडी स्तर पर विस्तारित किया जायेगा ।

विशिष्ठ नैदानिक सेवायें

पंचकर्म इकाई –

संस्थान परिसर में विभिन्न पंचकर्म प्रक्रियाओं यथा – स्नेहन स्वेदन, वमन, विरेचन, अनुवासन, बस्ति यंत्रों युक्त एक पृथक से स्टेट–ऑफ–आर्ट पंचकर्म इकाई है । गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों को पंचकर्म उपचार प्रदान करने हेतु पृथक से सुन्दर कक्ष एवं चैम्बर्स है ।

नशा प्रतिषेद इकाई

संस्थान में नशामुक्त समाज के उद्देश्य से नशा प्रतिषेद इकाई का प्रारंभ किया गया । नशीली दवाओं पर निर्भर रोगियों को उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया । तम्बाकू, धूम्रपान, शराब पीने के आदि लोगों को पूर्ण चिकित्सा प्रदान की गई । इनमें से अधिकांशत लोगों ने इकाई द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा के प्रति संतोष व्यक्त किया ।

पैरा–सर्जिकल प्रोसिजर्स

व्याधियों की चिकित्सा हेतु पैरा–सर्जिकल प्रक्रियाओं की विशिष्ठ तकनीकें यथा – क्षारकर्म, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, रक्तमोक्षण, जलौकावचरण, सिरावेधन आदि अपनायी जा रही है । ये तकनीकें अर्श एवं भगन्दर की चिकित्सा में अधिक लोकप्रिय है ।

अनुर्जता इकाई

चिकित्सालय में अनुर्जता इकाई अवस्थित है जिसमें विभिन्न प्रकार की अनुर्जता से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा की जाती है । संस्थान की रसायन शाला में निर्मित पुष्करमूलादियोग सहित औषधियाँ रोगियों को ओपीडी के माध्यम से नि:शुल्क वितरित की जा रही है ।

बाल मानसिक स्वास्थ्य इकाई

बालकों में विभिन्न मानसिक विकृतियों यथा – अटेंशन डेफिसीट, हाइपरएक्टिव डिसॉर्डर्स (एडी/एचटी), मेन्टल रिटॉर्डेशन, शैक्षणिक तनाव/स्मृति सम्बन्धित विकृतियाँ आदि हेतु विशिष्ट चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध है। देश के विभिन्न स्थानों से इस इकाई में रोगी आते हैं ।

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा इकाई

संस्थान के स्वस्थवृत्त विभाग में पृथक से एक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा इकाई है जहाँ रोजाना जनसामान्य एवं रोगियों के स्वास्थ्य संवर्द्धन हेतु योग एवं प्राणायाम कराये जाते हैं । विबन्ध, उदररोग, शि:शूल, कटिशूल, रक्तविकार, अंगमर्द, स्तब्धता, शोथ, नेत्र प्रदाहशूल, अनिद्रा, प्रमेह आदि के रोगियों को विशेष मिट्टी चिकित्सा एवं जल चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है । रोगियों के लाभार्थ विभिन्न आसन, प्राणायाम, कुञ्जल, सूत्र नेति, वस्त्र धौति, कटि स्नान आदि नियमित रूप से कराये जाते है ।

दन्त इकाई

इस इकाई द्वारा दंत रोगों यथा – डेन्टल केरिज, पायरिया, जींजीविटिज़ आदि की जांच एवं चिकित्सा की जाती है । खराब हुये दांतों को निकालने, दांतों का शल्कन एवं साफ–सफाई आदि कर्म नियमित किये जाते हैं ।

रिहेबिलीटेशन एवं फिजियोथेरेपी इकाई

संस्थान से चिकित्सा प्राप्त कर रहे नाड़ीतंत्र सम्बन्धित विकृतियों से पीड़ित रोगियों के प्रबन्ध के लिए यहां एक रिहेबिलीटेशन तथा फिजियोथेरेपी इकाई है । रोगियों के लाभार्थ यह इकाई आवश्यक मशीनों तथा यंत्रों यथा कॉमर्शियल ट्रेड मील, क्रॉस ट्रेनर (साइकिलिंग), बॉड़ी सॉलिड़, टेन स्टेशन मल्टी जिम, पॉवर प्लेट (बॉडी मसाज, वेट रिड्यूसर) आदि से युक्त है ।

हीमेटोलॉजी बायोकेमेस्ट्री इकाई

5 पोर्ट हीमेटोलॉजी अनालाइजर तथा पूरी तरह से स्वचालित जैव रसायन विश्लेषक जैसे उपकरणों से सुसज्जित इकाई केन्द्रीय प्रयोगशाला में है । इसका प्रयोगशाला में 200 से अधिक नैदानिक जाँचों के शुद्धता आधारित सरल एवं त्वरित परिणाम प्राप्त करने में लाभ प्राप्त हो रहा है।

विशिष्ट इकाई : पूर्व-मधुमेह, मधुमेह एवं चयापचय सिंड्रोम

मधुमेह के प्रबन्धन, निवारण एवं संवर्द्धन पहलुओं पर परामर्श एवं रोगियों के उपचार हेतु पूर्व-मधुमेह, मधुमेह एवं चयापचय सिंड्रोम हेतु विशिष्ट चिकित्सा इकाई है । विशेषरूप से विभिन्न चरणों में मधुमेह के लिए तैयार औषधियाँ भी तैयार कर वितरित की जा रही है ।

यूरोफ्लोमीटरी प्रयोगशाला

संस्थान द्वारा समय के साथ मूत्र के प्रवाह की दर की गणना करने के लिए तथा कम मूत्र मार्ग की स्थिति के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी देने हेतु संस्थान में यूरोफ्लोमीटरी प्रयोगशाला है । यह प्रयोगशाला ऑब्सट्रक्टिव यूरोपैथी विकारों एवं पौरुष ग्रन्थि की वृद्धि का पता लगाने में भी उपयोगी है ।

केन्द्रीय प्रयोगशाला

संस्थान के चिकित्सालय में बहिरंग, अन्तरंग व शोध के अन्तर्गत लिये गये विभिन्न नैदानिक परीक्षण की पूर्ति हेतु पब्लिक-प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर चलाई जा रही एक केन्द्रीय प्रयोगशाला है । हीमेटोलॉजिकल टेस्ट, मूत्र जाँच, बायोकेमीकल टेस्ट, सीरोलॉजिकल टेस्ट्स, सोनोग्राफी, एक्स-रे, ईसीजी, टीएमटी आदि नैदानिक परीक्षण की सुविधायें रोगियों को उपलब्ध करायी जाती है । प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार के परिष्कृत यन्त्र एवं उपकरण उपलब्ध है । छात्र एवं अध्येताओं द्वारा भी उनके प्रशिक्षण के क्रम में उपरोक्त नैदानिक परीक्षण किये जाते है ।

एससी-एसपी स्कीम - अनुसूचित जाति क्षेत्रों में चिकित्सा सहायता

संस्थान एससी-एसपीयोजनायें लागू कर रहा है जिसके लिए हर वर्ष पृथक से बजट प्रावधान किया जाता है। संस्थान राजस्थान के अनुसूचित जाति बहुल दर्जनभर जिलों के दूरदराज गांवों/पंचायत समितियों आदि में चल-चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर नि:शुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण, औषधियों का वितरण, आदि कर रहा है । आलोच्य वर्ष के दौरान योजना मद में रू. 100 लाख उपलब्ध कराये गये ।

योजनान्तर्गत, संस्थान 1 दिवस से 7 दिवस की अवधि के चिकित्सा शिविर, चल-चिकित्सा इकाई के माध्यम से राजस्थान के विभिन्न जिलों यथा - उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ तथा जयपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाकर चिकित्सा लाभ पहुँचा रहा है । इस इकाई के प्रभारी एक एसोसियेट प्रोफेसर है। वर्ष के दौरान, उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, जैसलमेर, अजमेर, सीकर, जालौर, चूरु, टोंक, अलवर एवं जयपुर जिलों के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले गांवों व कस्बों में 79 शिविरों (41 एक दिवसीय, 4 दो दिवसीय, 2 तीन दिवसीय, 1 चार दिवसीय, 4 पांच दिवसीय एवं 27 छ: दिवसीय) का आयोजन किया गया। रोगियों को रू. 1,05,16,270/- की नि:शुल्क औषधियाँ वितरित की गई । 42,194 रोगी लाभान्वित हुये । उपरोक्त के अतिरिक्त रू. 1,07,792 की औषधियाँ शिविर आयोजित करने वाले विभागों तथा रू. 3,98,030/- की औषधियाँ संस्थान द्वारा उदयपुर जिला में स्थित गोगुन्दा ग्राम में चलाये जा रहे ट्राईबल चिकित्सालय को जारी की गई । इन शिविरों में संस्थान के विभिन्न विभागों के संकाय-सदस्यों, पैरा-मेडिकल स्टॉफ तथा स्नातकोत्तर अध्येताओं द्वारा भाग लिया गया ।

रसायनशाला

संस्थान की रसायनशाला जीएमपी सर्टिफाइड है जिसमें चिकित्सालय व शोध कार्यो की आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार की औषधियों के निर्माण का कार्य किया जाता है । औषध निर्माण के लिए अपनाई जाने वाली आदर्श प्रक्रियाओं का पूर्णरूप से पालन किया जाता है । औषधियों में गुणवत्ता मानक बनाये रखने हेतु औषध-निर्माण के सभी चरणों में गुणवत्ता नियंत्रण पद्धतियाँ अपनायी जाती है । औषध उत्पादों के निर्माण के दौरान मानक स्वस्थकर वातावरण एवं सुधारात्मक गुणवत्ता बनाये रखी जाती है। रसायनशाला रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग से सम्बद्ध है । विभाग के एक एसोसियेट प्रोफेसर द्वारा रसायनशाला में प्रबन्धन एवं निर्देशन किया जाता है तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों को आयुर्वेदीय पद्धति से औषध निर्माण का प्रायोगिक अध्ययन-अध्यापन कराया जाता है । विभिन्न योगों में प्रयुक्त किये जाने वाले घटकों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है । इस प्रकार रसायनशाला में औषध निर्माण पूर्णतया शुद्ध आयुर्वेदीय शास्त्र प्रक्रियानुसार किया जाता है । विशेषत: भैषज्य रत्नावली, रसयोग सागर, सिद्ध योग संग्रह, सिद्ध भैषज मणिमाला, योग रत्नाकर, भाव प्रकाश, शांर्ङ्गधर संहिता इत्यादि ग्रन्थों के अनुसार औषध निर्माण किया जाता है । इसके अतिरिक्त कुछ अनुभूत योग आयुर्वेदीय पारम्परिक विधि से बनाये जाते हैं ।

रसायनशाला आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों से युक्त है यथा - माइक्रो पल्वराइज़र, डिसइन्टीग्रेटर, शिफ्टर, मिक्सर, मिनी पल्वराइज़र, पाउचिंग मशीन, कटिंग चौपिंग मशीन, ड्रॉयर, ड्रानुलेटर, टेबलेट, मैकिंग मशीन, स्ट्रीप पैकिंग मशीन, इलैक्ट्रिक फरनान्स, जूसर, बोटल वॉशिंग मशीन, मास मिक्सर, वेट ग्राइण्डर, डीहूमिडिफायर, स्क्रबर, ड्रॉयर, वैक्यूम क्लीनर आदि । कार्य में प्रयुक्त किये जाने वाले पारम्परिक यंत्र भी उपलब्ध है एवं निर्माण विधि में जहाँ कहीं भी इसके अतिरिक्त बनाई जा रही औषधियाँ, सामान्य चिकित्सा में प्रयोग में ली जाती है । पीएच.डी. एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं के शोध के दृष्टिगत मांग पर विशिष्ट औषधियों का रसायनशाला में निर्माण किया जाता है । ये औषधियाँ सम्बन्धित शोध अध्येता की उपस्थिति

में, औषध घटकों, विधि निर्माण प्रक्रिया में पूर्ण सावधानी रखते हुये, बनायी जाती है । आलोच्य वर्ष के दौरान रसायनशाला में रू. 2,50,21,958/- की लागत से 328 प्रकार की विभिन्न औषधियों (55,813 कि.ग्रा.) का निर्माण किया गया जो कि पिछले वर्ष के उत्पादन से 7,386 कि.ग्रा. अधिक है ।

पुस्तकालय

पुस्तकालय में पुस्तकों के भण्ड़ारण, जर्नल्स, शोध-महानिबन्धों, अध्ययन कक्षों, संदर्भ कक्षों आदि हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है । पुस्तकालय के सभी कक्ष वातानुकूलित है तथा सीसीटीवी कैमरा एवं वाई-फाई इन्टरनेट कनेक्शन युक्त है । पुस्तकालय परिसंचरण, संदर्भो की छायाप्रतियां एवं अखबारों की कतरनों, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं की सेवायें प्रदान करता है ।

पुस्तकालय में आयुर्वेद, प्राकृतिक, आधुनिक चिकित्सा, दर्शनशास्त्र, संस्कृत, विज्ञान आदि विषयों से सम्बन्धित नवीनतम प्रकाशन विद्यमान है । अध्ययन कक्ष की अलग से व्यवस्था है जहाँ नवीनतम जर्नल्स, पत्रिकाऐं, बुलेटिन्स राष्ट्रीय एवं स्थानीय दैनिक उपलब्ध रहते हैं। पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या, संदर्भ एवं शोध प्रकाशनों सहित, अब लगभग 28,174 तक बढ़ गई है । 98 जर्नल एवं पत्र-पत्रिकायें वाचनालय कक्ष के लिये उपलब्ध है तथा पत्रिकाओं के 2,616 वार्षिक अंक सन्दर्भ के लिये उपलब्ध है । अध्यापकों एवं अध्ययनार्थियों के तत्काल सन्दर्भ हेतु समस्त विभागों में विभागीय पुस्तकालय स्थापित किये गये है। बुक-बैंक में 7,531 पुस्तकें उपलब्ध है जो कि प्रतिवर्ष छात्रों को उनकी योग्यता एवं आवश्यकता के अनुसार वितरित की जाती है । शिक्षकों, स्टॉफ, अध्येताओं एवं छात्रों द्वारा 35,595 से अधिक बार पाठक कक्ष का उपयोग किया गया । केटेलॉग कोड में पुस्तकों को वर्गीकृत किया गया है तथा ओपन एसेस पद्धति अपनाई गई है। प्रत्येक अध्येता को पुस्तकालय के रीडर टिकिट्स अपने निवास पर अध्ययन करने हेतु पुस्तके प्राप्त करने हेतु दिये जाते हैं। सभी कार्य दिवसों को पुस्तकालय 12 घण्टों के लिए खुला रहता है । यह रविवार एवं अवकाशों में भी 6 घण्टे के लिए खुला रहता हैं। अनुसंधान एवं संदर्भ शाखा में दुर्लभ एवं संदर्भ पुस्तकों को पृथक् से रखा गया है। अध्यापकों एवं अध्येताओं हेतु तत्काल संदर्भ के लिए सभी विभागों में 14 विभागीय पुस्तकालय है। इन पुस्तकालयों में प्रत्येक वर्ष नये संस्करणों की वृद्धि होती रहती है । पुस्तकालय में स्नातकोत्तर एवं आयुर्वेद विद्या वारिधि के अध्येताओं द्वारा प्रस्तुत शोध महानिबन्धों का संकलन उपलब्ध है । स्वचालन प्रक्रिया प्रगति पर है तथा आगामी समय में यह डिजिटलाइज्ड हो जायेगी ।

अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

निदेशक एवं संकाय-सदस्यों द्वारा विदेश यात्राऐं

डॉ. काशीनाथ एस., असिस्टेन्ट प्रोफेसर को आयुष मंत्रालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्विटजरलैण्ड स्थित जिनेवा में 20-25 मई 2018 को आयोजित 71वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में योग विशेषज्ञ के रूप में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया ।

डॉ. काशीनाथ एस., असिस्टेन्ट प्रोफेसर को आयुष मंत्रालय द्वारा योग विशेषज्ञ एवं दल-समन्वयक के रूप में चीन में बिजिंग स्थित भारतीय दूतावास में 15-18 जून 2018 तक चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया ।

डॉ. सर्वेश कुमार अग्रवाल, असिस्टेन्ट प्रोफेसर को आयुष मंत्रालय द्वारा आबूधाबी, यूएई में 24-25 अक्टुबर 2018 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय आयुष संगोष्ठी एवं उपवेशन में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया । अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में इनके द्वारा 'रिलेवेन्स एण्ड पोटेंशियल ऑफ आयुष' विषयक पत्र उपवेशन में प्रस्तुत किया गया । आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में इनके द्वारा दूबई, यूएई के केबिनेट एफेयर्स के मंत्रालय एवं फ्यूचर प्राईम मिनिस्टर कार्यालय में आयोजित एक उपवेशन में भी भाग लिया गया।

प्रो. मीता कोटेचा, प्रोफेसर(एसएजी) एवं द्रव्यगुण की विभागाध्यक्षा द्वारा इंडोनेशिया के बाली में नवम्बर 2018 में आयोजित आयुर्वेद विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर पत्र प्रस्तुत किया गया ।

डॉ. काशीनाथ एस., असिस्टेन्ट प्रोफेसर को आयुष मंत्रालय द्वारा योग विशेषज्ञ एवं दल-समन्वयक के रूप में चीन में शंघाई के कुंमिंग में 1 दिसम्बर 2018 को शंघाई को-ऑपरेशन आर्गेनाईजेशन द्वारा आयोजित कुंमिंग मेराथन-2018 में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया ।

संस्थान के निदेशक एवं अध्यापकों द्वारा 14-17 दिसम्बर 2018 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 8वें वर्ल्ड आयुर्वेद काँग्रेस एवं आरोग्य एक्सपों में सक्रियता से भाग लिया गया ।

सामान्य गतिविधियाँ

डब्ल्यूएचओ कार्यकारी समूह की बैठकें

संस्थान द्वारा 17-18 सितम्बर 2018 को जयपुर में WHO Working Group Meetings for Reviewing WHO Documents Benchmark for Practice in Ayurveda, Panchkarma and Unani System के आयोजन का दायित्व निर्वाह किया गया । यह 3 दिवसीय कार्यक्रम जिसमें प्रत्येक दिवस चार सत्र आयोजित किये गये थे मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं संस्थान द्वारा समन्वित कार्यक्रम था । इन बैठकों में 18 देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे डब्ल्यूएचओ के अधिकारी एवं विशेषज्ञ तथा 39 आयुर्वेद एवं यूनानी विशेषज्ञों द्वारा भाग लिया गया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विस्तार केन्द्र के रूप में हरियाणा में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला की स्थापना -

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विस्तार केन्द्र के रूप में हरियाणा स्थित पंचकुला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना करने को अनुमोदन किया गया । इस हेतु परियोजना प्रबन्धन परामर्शक नियुक्त कर दिया गया है । माननीय प्रधानमंत्री ने इसकी आधारशिला 12-2-2019 को रख दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुमोदन की प्राप्ति पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा ।

तृतीय आयुर्वेद दिवस

संस्थान द्वारा जम्मू एवं कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब एवं उत्तराखण्ड् राज्यों में आयुर्वेद दिवस मनाने हेतु समन्वयक का दायित्व निर्वाह किया गया । 5-11-2018 मनाये गये आयुर्वेद दिवस के 100 दिन पूर्व संस्थान द्वारा विभिन्न उत्सव एवं गतिविधियाँ आयोजित की गई । कुछेक उत्सर्व एवं गतिविधियाँ निम्नलिखित है -

1. ''लोक स्वास्थ्य हेतु संगीतोपचार विषयक कार्यशाला'' । विख्यात संगीतज्ञ पं. सुरेश वाडकर एवं उनके दल द्वारा 3000 श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुति दी गई जिसमें संस्थान के अध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र इत्यादि सम्मिलित थे । इसका आयोजन बिड़ला सभागार में किया गया ।
2. संगीत एवं खेलकूद के माध्यम से स्वास्थ्य । इसका आयोजन विख्यात संगीतकारों एवं खिलाड़ियों के सहयोग से किया गया ।
3. आम लोगों, संस्थान के अध्यापकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं इत्यादि के भागीदार से ''आयुर्वेद के लिए दौड़'' का आयोजन किया गया । इसको रेसलर एवं ओलम्पिक मेडल विजेता श्रीमती साक्षी मलिक एवं विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता के मेडल विजेता श्री रजत चौहान द्वारा झण्डी दिखा कर रवाना किया गया ।
4. 'यूनिक एस्पेक्ट्स ऑफ आयुर्वेदिक डायग्नोस्टिक - नाड़ी, सन्धि एवं अग्नि असेस्मेन्ट विषयक 3 दिवसीय कार्यशाला का आयाुजन किया गया ।
5. महिला आयुर्वेद चिकित्सकों हेतु आयोजित लोक स्वास्थ्य (आयुर्वेद कौशलम) विषयक 1-दिवसीय कार्यशाला ।
6. 2-दिवसीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ।
7. संस्थानिक श्रोताओं हेतु आयुर्वेद के माध्यम से लोक स्वास्थ्य विषयक 5 व्याख्यानों का आयोजन किया गया ।
8. आयुर्वेद से जनस्वास्थ्य विषयक विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 5 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया ।
9. निदेशक द्वारा ऑल इंडिया रेडियो पर 1 घण्टे की आयुर्वेद विषयक वार्ता प्रसारित की गई एवं श्रोताओं से वार्ता की गई ।
10. स्थानीय दैनिक राजस्थान पत्रिका से आयुर्वेद विषयक 30 मिनट की वार्ता की गई ।
11. एक वरिष्ठ प्राफेसर द्वारा जयपुर दूरदर्शन पर मौसमी बीमारियों का आयुर्वेदिक प्रबन्धन विषयक वार्ता प्रसारित की गई ।
12. 4 नि:शुल्क बीएमडी विश्लेषण शिविर ।
13. पंचकर्म के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य ।
14. रक्तदान शिविर ।
15. आयुर्वेदिक आहार एवं जीवनशैली से श्रेष्ठ स्वास्थ्य विषयक लोक जागरण कार्यक्रम ।
16. 500 बच्चों में पोषक लड्डूओं का वितरण ।
17. कैंसर दूर करने हेतु स्तन परीक्षण हेतु जागरुकता रैली एवं शिविरों का आयोजन ।
18. आयुर्वेद के माध्यम से आंखों की देखभाल एवं नेत्रदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम ।
19. बस्ति, विरेचन एवं रक्तमोक्षण हेतु पंचकर्म चिकित्सा शिविर ।
20. आयुर्वेद के विषय में जागरुकता एवं संस्थान द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के प्रचार-प्रसार हेतु जयपुर के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन ।
21. संस्थान के प्रमुख स्थलों पर संस्थान द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं आयुर्वेद के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य लाभों की जानकारियों एवं सूचनाओं को प्रदर्शित करने हेतु स्लाईड बॉक्सेज एवं एलईडी डिसप्ले स्क्रीन्स लगाये गये हैं ।
22. संस्थान द्वारा जम्मू एवं कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब एवं उत्तराखण्ड़ राज्यों में आयुर्वेद दिवस मनाने हेतु समन्वयक का दायित्व निर्वाह किया गया । इसके अन्तर्गत संस्थान द्वारा इन राज्यों में विभिन्न कार्यक्रम यथा आयुर्वेद के लिए दौड़, आयुर्वेद आधारित प्रतियोगिताऐं, आयुर्वेद के प्रचार प्रसार हेतु अतिथि व्याख्यान, लोक स्वास्थ्य विषयक कार्यशालाओं/संगोष्ठियों का आयोजन, स्वास्थ्य शिविर, औषद पादपों की पहचान, पौधारोपण, औषध पादपों का वितरण, रक्तदान शिविर इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गये ।

चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

संस्थान द्वारा 21-6-2018 को चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें अध्येतओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक सक्रियता से भाग लिया गया । इस अवसर योग जागरुकता एवं इसके स्वास्थ्य लाभ तथा योगाभ्यास सत्रों का आयोजन कर कार्यक्रम आयोजित किये गये । योगाभ्यास सत्र का प्रारम्भ प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें 1427 योग साधकों द्वारा भाग लिया गया । आम जनता एवं संस्थान के सभी सदस्यों हेतु योग आसनों का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर डॉ. काशीनाथ एस., असिस्टेन्ट प्रोफेसर को आयुष मंत्रालय द्वारा योग विशेषज्ञ एवं दल-समन्वयक के रूप में चीन में बिजिंग स्थित भारतीय दूतावास में चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 2018 में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया ।

शासी निकाय एवं स्थायी वित्त समिति की बैठकें

संस्थान के शासी निकाय का 21वाँ उपवेशन माननीय केन्द्रीय राज्य आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें शासी निकाय द्वारा संस्थान को मानद विश्वविद्यालय घोषित करने हेतु संस्तुति की गई ।

संस्थान की स्थायी वित्त समिति के 54वें एवं 55वें उपवेशन क्रमश: दिनांक 23-5-2018 एवं 6-3-2019 आयोजित किये गये । उपवेशनों में विभिन्न निर्णय/संस्तुतियाँ की गई ।

पदोन्नति एवं सीधी भर्तीयाँ

आलोच्य वर्ष के दौरान, 1 पद प्रोफेसर का, 11 पद एसोसिएट प्रोफेसर, 1 पद फार्मासिस्ट, 7 पद स्टॉफ नर्स, 5 पद कनिष्ट लिपिकों एवं 35 पद एमटीएस सीधी भर्ती हेतु विज्ञाप्ति किये गये । लेक्चरार के 4 पद, पंचकर्म वैद्य का 1 पद, पॅथोलोजिस्ट का 1 पद तथा मेडिकल लैब. टेक्नोलोजिस्ट का 1 पद सीधी भर्ती से भरे गये । एसोसिएट प्रोफेसर के 4 पद तथा कनिष्ट लिपिकों के 5 पद पदोन्नति से भरे गये । डीएसीपी योजनान्तर्गत 1 एसोसिएट प्रोफेसर को प्राफेसर पद पर तथा 5 असिस्टेन्ट प्रोफेसर्स को एसोसिएट प्रोफेसर पदों पर पदोन्नति एवं उन्नयन प्रदान किये गये ।

जर्नल ऑफ आयुर्वेद

यह श्रेष्ठजनों द्वारा समीक्षित जर्नल (Peer Reviewed Journal) अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा वैज्ञानिक युग में आज की आवश्यकताओं के अनुकूल है । इसमें प्रकाशन के लिए विभिन्न आयुर्वेदिक महाविद्यालयों, संस्थाओं तथा संगठनों आदि से प्राप्त लेखों एवं शोध-पत्रों को सम्बन्धित विशेषज्ञों के सम्मुख समीक्षा तथा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाता है । जर्नल व्यापक रूप से पाठकों में वितरित किया जाता है।

एनआईए न्युजलेटर

संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने हेतु संस्थान से द्विमासिक समाचार-पत्र (Newsletter) प्रकाशित किया जाता है । इसमें संस्थान की महत्त्वपूर्ण गतिविधियों के अतिरिक्त, समाचार-पत्र में प्राचीन आयुर्वेद संहिताओं से लिये गये स्वास्थ्य उद्धरण समाहित होते हैं। समाचार-पत्र का अनुसंधान परिषदों, संस्थानों, आयुर्वेदिक महाविद्यालयों, संगठनों, पुस्तकालयों में नि:शुल्क वितरण हेतु प्रेषित किया जाता है ।

विवरणिकायें, पत्रक, आईईसी मेटेरियल्स आदि

विभिन्न अवसरों यथा आरोग्य मेलों, कार्यशालाओं, चिकित्सा शिविरों आदि में नियमित वितरण हेतु संस्थान द्वारा विवरणिकाओं एवं पत्रकों का प्रकाशन कराया जाता है । संस्थान द्वारा चिकित्सालय में दी जा रही विभिन्न सेवाओं, शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न पंचकर्म प्रक्रियाओं, व्याधियों, स्वास्थ्य संवर्द्धन एवं रोग निवारक पहलुओं, स्वस्थ मानसिकता एवं स्वस्थ जीवन बनाये रखने हेतु करने एवं न करने योग्य पहलुओं आदि की जानकारी इन विवरणिकाओं एवं पत्रकों में दी जाती है। पत्रक व्यापक रूप से आमजन के लिए वितरित किये जा रहे हैं ।

स्थापना दिवस

संस्थान द्वारा 7-2-2019 को स्थापना दिवस मनाया गया । इस अवसर पर धन्वन्तरि पूजा आयोजित की गयी तथा संस्थान के 2 कर्मचारियों श्री अरविन्द झा, कनिष्ट लिपिक एवं श्री बुद्धाराम मीना, एमटीएस को उनके द्वारा संस्थान में किये गये विशिष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया। उन्हें निदेशक द्वारा एक प्रशंसा-पत्र, श्रीफल तथा शॉल अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्येताओं एवं छात्रों की उपस्थिति में प्रदान किया गया ।

आतंकवाद विरोधी दिवस

21-5-2018 को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर निदेशक द्वारा अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्येताओं तथा छात्रों को शपथ दिलायी गई, कार्यक्रम में अच्छी संख्या में भागीदारी हुयी ।

सद्भावना दिवस

संस्थान द्वारा 20-8-2018 को सद्भावना दिवस मनाया किया गया । 20-8-2018 को सद्भावना दिवस के अवसर पर निदेशक द्वारा अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्येताओं तथा छात्रों को शपथ दिलायी गई । कार्यक्रम का उद्देश्य जाति, रंग या नस्ल की भावना से परे लोगों के बीच सांप्रदायिक सद्भावना, राष्ट्रीय अखंडता, शांति और स्नेह को बढ़ावा देना था ।

स्वच्छ भारत अभियान

संस्थान में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान जारी रखा गया है । अभियान के तहत सभी विभाग, चिकित्सालय, प्रयोशालाओं, रसायनशाला, कार्यालयों, छात्रावास तथा सम्पूर्ण परिसर को स्वच्छ किया गया है एवं समय-समय पर समुचित स्वच्छता सुनिश्चित की गई है । परिसर को सदैव साफ एवं स्वच्छ बनाऐं रखने हेतु स्वच्छता अभियान जारी रखा गया है ।

राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत-सरकार के निर्देशानुसार संस्थान द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31-10-2018 को संस्थान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर निदेशक द्वारा अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्येताओं तथा छात्रों को देश में एकता एवं अखण्ड़ता की शपथ दिलायी गई ।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह

